# मध्यप्रदेश विधान सभा

## संक्षिप्त कार्य विवरण

## पत्रक भाग-एक

क्रमांक-3

**बुधवार, दिनांक 17 दिसम्बर, 2003 (अग्रहायण 26, 1925)**

**विधान सभा पूर्वाह्न 10.33 बजे समवेत हुई.**

**अध्यक्ष महोदय (श्री ईश्वरदास रोहाणी) पीठासीन हुए.**

### 1. शपथ ग्रहण

श्री रामनिवास रावत तथा श्री हरीसिंह रघुवंशी (हरीपुर), सदस्य द्वारा शपथ ग्रहण की गई तथा सदस्य नामावली में हस्ताक्षर किये गये।

### 2. निधन का उल्लेख

अध्यक्ष महोदय द्वारा केन्द्रीय मंत्री, श्री मुरासोली मारन, राजस्थान के राज्यपाल, श्री निर्मलचंद जैन, पाण्डिचेरी के उप-राज्यपाल, श्री के.आर. मलकानी, मध्यप्रदेश विधान सभा के पूर्व अध्यक्ष,श्री रामकिशोर शुक्ल, भूतपूर्व केन्द्रीय मंत्री, श्री रामकिंकर, भूतपूर्व संसद सदस्य, श्री कालीचरण सकरगाये, मेघालय के भूतपूर्व मुख्यमंत्री, श्री बी.बी. लिंगदोह, भूतपूर्व सदस्य विधान सभा, सर्वश्री वेस्ता पटेल, श्री लाल सिंह पटेल, श्री जबर सिंह, श्री चिड़ाभाई डाबर, श्री भवानी शंकर गोठी, श्री महेश तिवारी तथा सुप्रसिद्ध रंगकर्मी, डॉ. नाग बोडस , के निधन पर शोकोद्‌गार व्यक्त किये गये।

मुख्यमंत्री सुश्री उमा भारती, नेता प्रतिपक्ष श्रीमती जमुना देवी, सदस्यगण सर्वश्री डॉ. सुनीलम्, डॉ. आई.एम.पी. वर्मा, श्री रामलखन शर्मा, श्री लवकेश सिंह एवं श्री गिरिराज मण्डलोई ने भी शोकोद्‌गार व्यक्त किये।

सदन द्वारा दो मिनट मौन खड़े रहकर दिवंगतों के प्रति श्रद्धांजलि दी गई एवं शोक संतप्तजन के लिए संवेदना प्रकट की गई।

दिवंगतों के सम्मान में सदन की कार्यवाही पूर्वाह्न 11.13 बजे 5 मिनट के लिए स्थगित होकर 11.23 बजे पुनः समवेत हुई।

**अध्यक्ष महोदय (श्री ईश्वरदास रोहाणी) पीठासीन हुए.**

### 3. राज्यपाल द्वारा अनुमति प्रदत्त विधेयकों की सूचना

अध्यक्ष महोदय द्वारा सदन को सूचित किया गया कि विगत सत्र में पारित निम्नलिखित आठ विधेयकों को राज्यपाल महोदय की अनुमति प्राप्त हो गई है :-

(1) मध्यप्रदेश विनियोग (क्रमांक-3) विधेयक, 2003 (क्रमांक 24 सन् 2003) (अधिनियम क्रमांक 27 सन् 2003),

(2) मध्यप्रदेश राज्य प्रशासनिक अधिकरण (लंबित एवं निराकृत आवेदनों का अंतरण) विधेयक, 2003 (क्रमांक 23 सन् 2003) (अधिनियम क्र. 28 सन् 2003),
(3) मध्यप्रदेश नगरपालिक विधि (संशोधन) विधेयक, 2003 (क्रमांक 27 सन् 2003) (अधिनियम क्र. 29 सन् 2003),
(4) मध्यप्रदेश नगरीय क्षेत्रों के भूमिहीन व्यक्ति (पट्टाधृति अधिकारों का प्रदान किया जाना) संशोधन विधेयक, 2003 (क्रमांक 28 सन् 2003) (अधिनियम क्र. 30 सन् 2003),
(5) मध्यप्रदेश वास स्थान दखलकार (भूमिस्वामी अधिकारों का प्रदान किया जाना) संशोधन विधेयक, 2003 (क्रमांक 26 सन् 2003) (अधिनियम क्र. 31 सन् 2003),
(6) मध्यप्रदेश वाणिज्यिक कर (संशोधन) विधेयक, 2003 (क्रमांक 25 सन् 2003) (अधिनियम क्र. 32 सन् 2003),
(7) मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता (द्वितीय संशोधन) विधेयक, 2003 (क्रमांक 32 सन् 2003) (अधिनियम क्र. 33 सन् 2003), तथा
(8) मध्यप्रदेश सहकारी सोसाइटी (संशोधन) विधेयक, 2003 (क्रमांक 29 सन् 2003) (अधिनियम क्र. 34 सन् 2003)

विधान सभा के फरवरी-मार्च, 2003 सत्र में पारित मध्यप्रदेश धूम्रपान निषेध विधेयक, 2003 (क्रमांक 15 सन् 2003) पर महामहिम राष्ट्रपति द्वारा अनुमति रोक ली गई है.

## 4. राज्यपाल के अभिभाषण पर प्रस्तुत कृतज्ञता ज्ञापन प्रस्ताव पर चर्चा

डॉ. नरोत्तम मिश्रा, सदस्य ने राज्यपाल महोदय के अभिभाषण पर प्रस्तुत कृतज्ञता ज्ञापन प्रस्ताव पर चर्चा प्रारम्भ कर अपना भाषण पूर्ण किया।

अध्यक्ष महोदय द्वारा सूचित किया गया कि राज्यपाल के अभिभाषण पर प्रस्तुत कृतज्ञता ज्ञापन प्रस्ताव में 13 सदस्यों के संशोधनों की सूचनाएं प्राप्त हुई है, उनमें से जो संशोधन नियमानुसार नहीं थे, उन्हें अस्वीकार कर दिया गया है।

राज्यपाल के अभिभाषण पर प्रस्तुत कृतज्ञता ज्ञापन प्रस्ताव में निम्नलिखित उपस्थित सदस्यों के उनके नाम के सामने अंकित संशोधन प्रस्तुत हुए माने जायेंगे :-

| सदस्य का नाम | संशोधन क्रमांक |
|---|---|
| श्री रामलखन शर्मा | 1 |
| श्री निशिथ पटेल | 3 |
| श्री प्रियव्रत सिंह | 4 |

| | |
|---|---|
| डॉ. गोविन्द सिंह | 5 |
| श्री सत्यदेव कटारे | 6 |
| श्री राजनारायण सिंह पुरनी | 8 |
| श्री रविन्द्र सुका महाजन | 9 |
| श्री अर्जुन पलिया | 10 |
| श्रीमती सरोज बच्चन नायक | 11 |
| श्री बृजेन्द्र सिंह राठौर | 12 |
| डॉ. सुनीलम् | 13 |

राज्यपाल के अभिभाषण पर डॉ. नरोत्तम मिश्रा, सदस्य द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव और संशोधनों पर एक साथ चर्चा होगी।

निम्नलिखित सदस्यों ने चर्चा में भाग लिया :-

1. श्री सज्जन सिंह वर्मा
2. श्री कमल पटेल
3. डॉ. आई.एम.पी. वर्मा
4. डॉ. सुनीलम्
5. श्रीमती सरोज बच्चन नायक

(1.00 बजे से 2.34 बजे तक अन्तराल)

अध्यक्ष महोदय (श्री ईश्वरदास रोहाणी) पीठासीन हुए.

6. श्री रामलखन शर्मा
7. श्री रामनिवास रावत
8. श्रीमती सुधा जैन
9. श्री लाल सिंह आर्य
10. श्री लवकेश सिंह
11. कुंवर विजय शाह
12. श्री निशिथ पटेल

सभापति महोदया (श्रीमती सुधा जैन) पीठासीन हुई.

13. श्रीमती रंजना बघेल
14. श्री किशोरी लाल वर्मा

**अध्यक्ष महोदय (श्री ईश्वरदास रोहाणी) पीठासीन हुए.**

**15. श्री उमाशंकर गुप्ता**
**16. श्री नागेन्द्र सिंह (नागौद)**
**17. श्री के.डी. देशमुख**
**18. श्री राजनारायण सिंह पुरनी**
**19. श्री घनश्याम सिंह**

**(चर्चा अपूर्ण)**

**5.02 बजे विधानसभा गुरूवार, दिनांक 18 दिसम्बर, 2003 (अग्रहायण 27, 1925) के पूर्वाह्न 10.30 बजे तक के लिए स्थगित की गई।**

**डॉ. ए.के. पयासी**
**प्रमुख सचिव,**
**मध्यप्रदेश विधान सभा**